भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
मौखिक प्रश्न सं. 293
गुरूवार, 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन विकास योजनाओं की समीक्षा**

**293 श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश भर में केंद्रीय पर्यटन विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की है;

(ख) स्वदेश दर्शन, तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) और देखो अपना देश जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के अन्तर्गत निर्मित अवसंरचना का राज्य-वार और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन सुविधाओं के उपयोग का स्तर, पर्यटकों की संख्या और संचालन की स्थिति क्या है;

(घ) प्रचार, रखरखाव और सेवा प्रदायगी के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय प्राधिकरणों के साथ समन्वय हेतु मौजूदा तंत्र क्या है; और

(ङ) योजनाओं के अन्तर्गत किए गए निवेश के बावजूद पर्यटकों की संख्या में लगातार अपेक्षित वृद्धि न होने के क्या कारण हैं और पर्यटन अवसंरचना की सुगमता, विपणन और समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए क्या कदम प्रस्तावित हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल द्वारा पर्यटन विकास योजनाओं की समीक्षा के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न संख्या 293 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ङ): यद्यपि पर्यटन अवसंरचना का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय अपनी पर्यटन विकास संबंधी योजनाओं, जैसे - 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी योजना के अंतर्गत एक पहल, 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' आदि के माध्यम से देश में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर तथा निधियों की उपलब्धता, परस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने एसडी योजना के तहत 5290.33 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाएं, एसडी 2.0 योजना के तहत 2208.31 करोड़ रुपये की 53 परियोजनाएं, सीबीडीडी योजना के तहत 697.94 करोड़ रुपये की 38 परियोजनाएं और प्रशाद योजना के तहत 1726.74 करोड़ रुपये की 54 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने वाले विभिन्न घटकों पर परियोजना की आवश्यकतानुसार स्वीकृति के लिए विचार किया जाता है, जिनमें पर्यटन के मुख्य उत्पाद, पर्यटन संबंधी गतिविधियां, सुरक्षा, स्वच्छता, संपर्कता, पार्किंग, स्थल का सामान्य विकास, अमूर्त घटक आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता से निर्मित परिसंपत्तियों का संचालन एवं प्रबंधन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और संबंधित एजेंसियों को पूरी हो चुकी परियोजनाओं के सुचारू संचालन एवं प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि, स्थानीय रोजगार सृजन और समग्र पर्यटक संतुष्टि में सुधार हो सके।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने स्वीकृत परियोजनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने हेतु अपनी गंतव्य-संबंधी योजनाओं के लिए एक कार्यक्रम प्रबंधन सूचना प्रणाली (पीएमआईएस) विकसित की है। साथ ही, मंत्रालय विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने में सहायता देने के लिए और किसी भी समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ नियमित रूप से विभिन्न स्तरों पर समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।

देखो अपना देश पहल का उद्देश्य भारत की समृद्ध विरासत और संस्कृति के प्रति जागरूक करना, राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना और घरेलू पर्यटन को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करना है। इस पहल के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न अल्प ज्ञात स्थलों के बारे में वेबिनार, प्रश्नोत्तरी

प्रतियोगिताएं और अन्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की हैं। पर्यटन क्षेत्र के हितधारकों के सहयोग से कई घरेलू संवर्धन संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल द्वारा पर्यटन विकास योजनाओं की समीक्षा के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न संख्या 293 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**देश में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी/ प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ 2016-17 | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 | 22.13 | 22.08 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 | 49.55 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 | 30.02 | 30.02 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 | 47.28 | 47.28 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली-जीरो-योम्चा का विकास | 96.72 | 91.88 | 91.88 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास | 94.68 | 94.68 | 94.68 |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 | 90.97 | 90.97 |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 | 30.04 | 29.36 |
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 | 42.52 | 42.17 |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 | 95.18 | 95.18 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 | 40.31 | 40.31 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 | 42.32 | 42.32 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दार - सरोधदादर - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 | 94.23 | 94.23 |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 | 97.65 | 97.50 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 | 99.35 | 97.74 |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास | 59.17 | 56.21 | 55.52 |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ | वडनगर - मोढेरा का विकास | 91.12 | 87.25 | 85.63 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | | | | |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 | 22.28 | 19.96 |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 77.39 | 76.74 | 76.74 |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालय परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | 68.34 | 64.55 | 62.57 |
| 22. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 | 67.37 | 59.30 |
| 23. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 81.60 | 67.35 | 59.41 |
| 24. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 | 74.7 | 67.07 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 | 91.93 | 91.93 |
| 26. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 | 69.95 | 63.25 |
| 27. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 | 85.80 | 84.93 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.44 | 30.44 | 28.04 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 | 64.08 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 | 33.39 | 33.39 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 | 73.77 | 68.98 |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 | 36.34 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 | 42.01 | 34.21 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 | 86.31 | 86.31 |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | 74.02 | 72.75 | 72.75 |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 | 89.49 | 89.49 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 | 93.59 | 93.59 |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 | 18.10 | 17.61 |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास | 45.47 | 43.19 | 38.84 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास | 72.23 | 61.32 | 61.25 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ | 45.34 | 45.33 | 43.04 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | | | |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 | 99.11 | 99.11 |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | वेस्ट खासी हिल्स (नौंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग- इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 | 84.96 | 84.96 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास | 92.26 | 92.26 | 92.26 |
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल - रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 | 53.09 | 53.09 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास | 97.36 | 97.36 | 92.49 |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास | 98.14 | 98.14 | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 70.82 | 67.28 | 59.47 |
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 | 58.44 | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 | 45.70 | 45.50 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | 34.96 | 31.40 | 31.40 |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 85.32 | 81.05 | 81.05 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 | 50.01 | 50.01 |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 | 73.85 | 73.85 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 | 75.03 | 75.03 |
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 | 66.99 | 66.99 |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु | 98.05 | 97.41 | 97.41 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | | | |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 | 95.32 | 95.32 |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 | 71.03 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 91.25 | 91.25 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 | 79.87 | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 | 70.61 | 70.61 |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास | 82.85 | 77.76 | 77.76 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी- नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास | 44.83 | 35.25 | 32.21 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | 68.43 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 | 56.03 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी- | 71.91 | 69.63 | 69.63 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | | | |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | 63.62 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 | 36.65 | 36.65 |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | 115.46 | 113.22 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 | 11.43 | 11.43 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 | 18.12 | 18.12 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास - जिला टिहरी | 69.17 | 69.17 | 69.17 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास | 76.32 | 68.91 | 68.91 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 | 65.07 | 65.07 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76. | - | मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 17.50 | 16.63 | 15.83 |
| **कुल** | | | | **5290.33** | **4964.75** | **4860.69** |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 2024-25 | 97.52 | 9.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 2023-24 | 29.88 | 2.99 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 2023-24 | 18.48 | 1.85 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 2023-24 | 12.75 | 1.28 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 2023-24 | 14.02 | 1.40 |
| 6. | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 2023-24 | 26.68 | 2.67 |
| 7. | असम | जोरहाट | रीइमेजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 2023-24 | 23.88 | 2.39 |
| 8. | बिहार | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 2024-25 | 165.44 | 16.54 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा | 2024-25 | 145.99 | 14.60 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 2024-25 | 147.13 | 0.00 |
| 11. | गोवा | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 2024-25 | 24.07 | 2.41 |
| 12. | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 2024-25 | 19.89 | 1.99 |
| 13. | हरियाणा | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 2024-25 | 26.68 | 2.67 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14. | हरियाणा | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प | 2024-25 | 65.82 | 6.58 |
| 15. | हिमाचल प्रदेश | चिंतपूर्णी | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 2025-26 | 56.26 | 5.63 |
| 16. | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 18.48 | 1.85 |
| 17. | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 2.72 | 0.27 |
| 18. | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 2023-24 | 25.64 | 2.56 |
| 19. | केरल | अलाप्पुझा | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 2024-25 | 93.18 | 9.32 |
| 20. | केरल | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 2024-25 | 75.87 | 7.59 |
| 21. | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 2023-24 | 13.81 | 1.38 |
| 22. | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 2023-24 | 23.17 | 2.32 |
| 23. | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 2023-24 | 11.91 | 1.19 |
| 24. | लक्षद्वीप | बंगारम | बंगारम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास | 2024-25 | 81.18 | 8.12 |
| 25. | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव | 2023-24 | 27.22 | 2.72 |
| 26. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 16.74 | 1.67 |
| 27. | मध्य प्रदेश | दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 2025-26 | 44.24 | 4.42 |
| 28. | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि थीम पार्क | 2024-25 | 76.22 | 7.62 |
| 29. | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 2023-24 | 27.61 | 2.76 |
| 30. | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 2023-24 | 32.45 | 3.25 |
| 31. | मिजोरम | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुह्वम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट एक्सपीरियंस | 2024-25 | 38.85 | 3.89 |
| 32. | मिजोरम | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 2024-25 | 33.87 | 3.39 |
| 33. | मिजोरम | आइजोल | सम्मेलन केंद्र का निर्माण | 2025-26 | 99.71 | 9.96 |
| 34. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 2024-25 | 32.54 | 3.25 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 2024-25 | 7.87 | 0.79 |
| 36. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव | 2023-24 | 21.57 | 2.16 |
| 37. | पुदुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 2023-24 | 20.30 | 0.00 |
| 38. | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन अनुभव | 2024-25 | 25.91 | 2.59 |
| 39. | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 2023-24 | 20.06 | 0.00 |
| 40. | राजस्थान | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 2024-25 | 87.87 | 8.79 |
| 41. | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 2023-24 | 21.65 | 2.17 |
| 42. | राजस्थान | बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 2025-26 | 22.58 | 2.26 |
| 43. | राजस्थान | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 2025-26 | 48.73 | 4.87 |
| 44. | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 2023-24 | 15.41 | 1.54 |
| 45. | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 2023-24 | 22.60 | 11.30 |
| 46. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 2023-24 | 30.02 | 0.00 |
| 47. | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 2023-24 | 38.00 | 3.80 |
| 48. | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 2023-24 | 56.82 | 5.68 |
| 49. | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 2024-25 | 48.95 | 4.89 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 2023-24 | 17.80 | 0.00 |
| 51. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 2023-24 | 14.52 | 1.45 |
| 52. | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 2023-24 | 19.89 | 1.99 |
| 53. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 2023-24 | 17.86 | 1.79 |

| कुल | 2208.31 | 206.35 |
|---|---|---|

**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | गंतव्य/श्रेणी | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | नागार्जुन सागर (संस्कृति एवं विरासत) | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अहोबिलम मंदिर (आध्यात्मिक पर्यटन) | एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास | 2024-25 | 24.99 | 2.50 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | किभितो (जीवंत ग्राम कार्यक्रम) | किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार | 2024-25 | 4.96 | 0.49 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | बिचोम बांध स्थल (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | बिचोम बांध साहसिक और इको-पर्यटन परियोजना | 2024-25 | 9.90 | 0.99 |
| 5. | असम | शिवसागर (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य | 2024-25 | 9.99 | 1.00 |
| 6. | बिहार | सारण जिला (सोनपुर मेला) (संस्कृति एवं विरासत) | सोनपुर मेला स्थल का विकास | 2024-25 | 24.29 | 2.43 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | मायाली बगीचा (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | मायाली बगीचा का इको-पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2024-25 | 9.97 | 1.00 |
| 8. | गोवा | मायेम गाँव (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | हरवलम जलप्रपात का सौंदर्यीकरण और विकास | 2024-25 | 9.81 | 0.98 |
| 9. | गुजरात | वडनगर (संस्कृति एवं विरासत) | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: प्रकाश और संस्कृति | 2024-25 | 17.29 | 1.73 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | गुजरात | थोल गांव (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | थोल: परिवर्तनकारी पर्यटन 'सौहार्दपूर्ण स्थायित्व, अनुकूलित कौशल' अग्रणी प्रौद्योगिकी | 2024-25 | 9.96 | 0.99 |
| 11. | गुजरात | पोरबंदर (आध्यात्मिक पर्यटन) | हरसिद्धि तट में पवित्र महासागर आश्रय स्थल | 2024-25 | 24.66 | 2.47 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | काज़ा (संस्कृति एवं विरासत) | संस्कृति एवं विरासत के अंतर्गत काज़ा | 2024-25 | 24.82 | 2.48 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | रक्छम (जीवंत ग्राम कार्यक्रम) | रक्छम में पर्यटन अवसंरचना विकास - जीवंत ग्राम | 2024-25 | 4.96 | 0.50 |
| 14. | झारखंड | रामरेखा धाम (आध्यात्मिक पर्यटन) | रामरेखा धाम में पर्यटन अवसंरचना विकास | 2024-25 | 18.87 | 1.87 |
| 15. | कर्नाटक | बीदर (संस्कृति एवं विरासत) | बीदर का एक विरासत पर्यटन गंतव्य के रूप में विकास | 2025-26 | 25.00 | 2.50 |
| 16. | केरल | वर्कला (संस्कृति एवं विरासत) | वर्कला-दक्षिण काशी | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |
| 17. | केरल | थालास्सेरी (आध्यात्मिक पर्यटन) | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |
| 18. | लद्दाख | मुश्कोह गांव (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | मुश्कोह को एक स्थायी पर्यटन केंद्र के रूप में उन्नत बनाना: वन्यजीव दर्शन और सामुदायिक प्रगति का एकीकरण | 2024-25 | 9.78 | 0.98 |
| 19. | मध्य प्रदेश | ओरछा (आध्यात्मिक पर्यटन) | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव 2.0 | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |
| 20. | मध्य प्रदेश | मांडू (संस्कृति एवं विरासत) | मांडू-एक मध्यकालीन आश्चर्य | 2025-26 | 24.88 | 2.49 |
| 21. | महाराष्ट्र | अहमदनगर (संस्कृति एवं विरासत) | अहमदनगर किले का विकास | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |
| 22. | मणिपुर | लंगथबल कोनुग, इंफाल (संस्कृति एवं विरासत) | मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास | 2024-25 | 24.69 | 2.47 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23. | मेघालय | नर्तियांग गांव (आध्यात्मिक पर्यटन) | नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र | 2024-25 | 24.87 | 2.49 |
| 24. | मेघालय | मावफलांग गांव (संस्कृति एवं विरासत) | मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र | 2024-25 | 24.87 | 2.49 |
| 25. | नागालैंड | इम्पुर गाँव (आध्यात्मिक पर्यटन) | सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव | 2024-25 | 24.94 | 2.49 |
| 26. | नागालैंड | दोयांग जलाशय (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | विंग्स ओवर दोयांगः एक इको पर्यटन आश्रय स्थल | 2024-25 | 9.99 | 1.00 |
| 27. | पुदुचेरी | व्हाइट टाउन (संस्कृति एवं विरासत) | व्हाइट टाउन का विकास | 2024-25 | 22.19 | 2.22 |
| 28. | पंजाब | रूपनगर (आनंदपुर साहिब) (आध्यात्मिक पर्यटन) | विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब में शांति और सद्भाव का प्रतीक | 2024-25 | 24.90 | 2.49 |
| 29. | पंजाब | फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) (संस्कृति एवं विरासत) | हुसैनीवाला बॉर्डर में सांस्कृतिक और विरासत संबंधी विस्तार | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |
| 30. | सिक्किम | काबी (आध्यात्मिक पर्यटन) | काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा | 2024-25 | 24.96 | 2.50 |
| 31. | सिक्किम | गनाथांग गाँव (जीवंत ग्राम कार्यक्रम) | वीरता की गूँज: गनाथांग घाटी अनुभव | 2024-25 | 5.00 | 0.50 |
| 32. | तमिलनाडु | रामेश्वरम द्वीप (आध्यात्मिक पर्यटन) | रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन | 2024-25 | 20.01 | 2.00 |
| 33. | तेलंगाना | नलगोंडा (संस्कृति एवं विरासत) | बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास | 2024-25 | 24.85 | 2.48 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34. | तेलंगाना | कामारेड्डी (कलकी चेरूवू) (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल) | निज़ाम सागर में इको-पर्यटन परियोजना का विकास | 2024-25 | 9.98 | 1.00 |
| 35. | उत्तर प्रदेश | महोबा (संस्कृति एवं विरासत) | महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास | 2024-25 | 24.98 | 2.50 |
| 36. | उत्तराखंड | जादुंग (जीवंत ग्राम कार्यक्रम) | जादुंग उत्सव मैदान, जादुंग का विकास | 2024-25 | 4.99 | 0.50 |
| 37. | उत्तराखंड | कैंचीधाम (आध्यात्मिक पर्यटन) | कैंचीधाम परिसर का विकास | 2024-25 | 17.60 | 1.76 |
| 38. | उत्तराखंड | माना गांव (जीवंत ग्राम कार्यक्रम) | माना हाट | 2024-25 | 4.99 | 0.50 |
| **कुल** | | | | | **697.94** | **69.79** |

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **जारी राशि (करोड़ रु. में)** | **उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2015-16 | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2017-18 | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | 2022-23 | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 54.04 | 27.37 | 27.37 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 25.33 | 6.74 | 0.00 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | 2020-21 | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 37.88 | 31.02 | 21.95 |
| 6. | असम | 2015-16 | गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास | 29.80 | 29.80 | 29.80 |
| 7. | बिहार | 2015-16 | पटना साहिब का विकास | 29.62 | 29.62 | 29.62 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | बिहार | 2014-15 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 3.63 | 3.63 | 3.63 |
| 9. | बिहार | 2024-25 | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 13.29 | 0.00 | 0.00 |
| 10. | छत्तीसगढ़ | 2020-21 | डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छतीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास | 48.44 | 40.19 | 31.94 |
| 11. | गोवा | 2024-25 | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 16.46 | 4.68 | 0.00 |
| 12. | गुजरात | 2016-17 | द्वारका का विकास | 10.46 | 10.46 | 10.46 |
| 13. | गुजरात | 2016-17 | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 45.36 | 45.36 | 45.36 |
| 14. | गुजरात | 2018-19 | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 47.12 | 47.12 | 47.12 |
| 15. | गुजरात | 2022-23 | बनासकांठा, गुजरात में अंबाजी मंदिर में तीर्थ यात्रा सुविधाओं का विकास | 50.00 | 30.00 | 19.16 |
| 16. | हरियाणा | 2019-20 | पंचकुला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 48.53 | 34.68 | 34.68 |
| 17. | जम्मू एवं कश्मीर | 2016-17 | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर का विकास | 40.46 | 34.30 | 34.30 |
| 18. | झारखंड | 2018-19 | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास | 36.79 | 34.95 | 31.23 |
| 19. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 45.38 | 13.33 | 0.00 |
| 20. | कर्नाटक | 2024-25 | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 18.37 | 0.00 | 0.00 |
| 21. | कर्नाटक | 2024-25 | बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 22.25 | 6.30 | 0.00 |
| 22. | केरल | 2016-17 | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 45.19 | 45.19 | 45.19 |
| 23. | मध्य प्रदेश | 2020-21 | अमरकंटक का विकास | 49.99 | 42.55 | 34.63 |
| 24. | मध्य प्रदेश | 2017-18 | ओंकारेश्वर का विकास | 43.93 | 43.93 | 43.93 |
| 25. | महाराष्ट्र | 2017-18 | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 45.41 | 38.44 | 38.44 |
| 26. | मेघालय | 2020-21 | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 29.29 | 27.78 | 27.78 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27. | मिज़ोरम | 2022-23 | मिज़ोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 44.89 | 26.37 | 26.37 |
| 28. | मिज़ोरम | 2024-25 | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास | 5.47 | 1.56 | 0.00 |
| 29. | नागालैंड | 2018-19 | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 25.20 | 23.56 | 23.56 |
| 30. | नागालैंड | 2022-23 | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 18.18 | 15.45 | 15.45 |
| 31. | ओडिशा | 2014-15 | मेगा परिपथ के अंतर्गत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देमुली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास | 50.00 | 10.00 | 0.00 |
| 32. | पुडुचेरी | 2024-25 | श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | 25.94 | 0.00 | 0.00 |
| 33. | पंजाब | 2015-16 | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 6.40 | 6.40 | 6.40 |
| 34. | पंजाब | 2021-22 | चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास | 30.52 | 23.80 | 21.93 |
| 35. | राजस्थान | 2015-16 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 32.64 | 26.11 | 26.11 |
| 36. | सिक्किम | 2020-21 | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 33.32 | 28.31 | 28.31 |
| 37. | तमिलनाडु | 2016-17 | कांचीपुरम का विकास | 13.99 | 13.99 | 13.99 |
| 38. | तमिलनाडु | 2016-17 | वेलंकन्नी का विकास | 4.86 | 4.86 | 4.86 |
| 39. | तमिलनाडु | 2024-25 | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 40.94 | 0.00 | 0.00 |
| 40. | तेलंगाना | 2020-21 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 38.90 | 33.07 | 33.07 |
| 41. | तेलंगाना | 2022-23 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 62.00 | 32.73 | 32.73 |
| 42. | तेलंगाना | 2022-23 | भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 41.38 | 16.30 | 8.43 |
| 43. | तेलंगाना | 2024-25 | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 4.22 | 0.00 | 0.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44. | त्रिपुरा | 2020-21 | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 34.43 | 28.01 | 25.63 |
| 45. | उत्तर प्रदेश | 2015-16 | वाराणसी का विकास - चरण-I | 18.73 | 18.73 | 18.73 |
| 46. | उत्तर प्रदेश | 2014-15 | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 10.98 | 10.98 | 10.98 |
| 47. | उत्तर प्रदेश | 2017-18 | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन | 9.02 | 9.02 | 9.02 |
| 48. | उत्तर प्रदेश | 2014-15 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 9.36 | 9.36 | 9.36 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | 2017-18 | वाराणसी का विकास - चरण II | 44.60 | 35.26 | 31.77 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | 2018-19 | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 37.59 | 34.64 | 30.97 |
| 51. | उत्तराखंड | 2015-16 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 34.77 | 34.77 | 34.77 |
| 52. | उत्तराखंड | 2018-19 | बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 56.15 | 38.38 | 38.38 |
| 53. | उत्तराखंड | 2021-22 | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 54.36 | 10.22 | 10.22 |
| 54. | पश्चिम बंगाल | 2016-17 | बेलूर मठ का विकास | 30.03 | 23.39 | 23.39 |
| **कुल** | | | | **1726.74** | **1213.56** | **1111.87** |

*****